आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि मंडी जिला में भारी वर्षा भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित क्षेत्रों में सरकार लगातार नजर बनाए हुये हैं और एन.डी.आर.एफ और एस.डी.आर.एफ. की टीमें बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण बेघर हुए लोगों को रहने के लिए राज्य सरकार 5 हजार रुपये मासिक किराया देगी।

इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए राज्यों में पर्याप्त संख्या में एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और भी अतिरिक्त बल भेजे जाएंगे। उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि बाढ़ और भूस्खलन से पूरी तरह से कट चुके मंडी जिला के सराज क्षेत्र में लोगों की सुविधा और राहत को ध्यान में रखते हुए रोपवे से यात्रा और सामान ढुलाई आगामी 7 से 10 दिनों तक पूर्णतः निःशुल्क होगी। कल देर सायं मंडी पहुंचने के बाद उप मुख्यमंत्री ने बगलामुखी रोपवे के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और राहत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस समय यह क्षेत्र पूरी तरह से बाहरी संपर्क से कटा हुआ है और रोपवे ही इसका एक मात्र साधन है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सेना, प्रशासन, एन डी आर एफ और एस डी आर एफ की टीमें क्षेत्र में लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। मकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार ने प्रशासन को प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कल किन्नौर जिला के दुर्गम गांव टाशीगंग का दौरा किया और जनसमस्याएं सुनकर अधिकारियों को समस्याओं के निवारण के निर्देश दिए। इस दौरान जगत सिंह नेगी ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम 2006 का लाभ उठाने के लिए लोग ग्राम सभा में अपना केस लगवाएं। उन्होंने टाशीगंग गांव की सड़क को पक्का करने व युवाओं के लिए खेल मैदान निर्माण करने का आश्वासन दिया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा है कि मंड़ी जिला के तीन विधानसभा क्षेत्र नाचन, सिराज और करसोग पर भारी बारिश के कारण हुए जान माल के नुकसान का जायजा लेने के लिए पार्टी के नेता दौरा करेंगे। एक ब्यान में बिंदल ने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में वे स्वयं दौरा करेंगे। इसी तरह नाचन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा, विधायक राकेश जमवाल व त्रिलोक जमवाल और करसोग विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा और विधायक लोकेंद्र कुमार मौजूद रहेंगे।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला में जुब्बल उपमंडल की झगटान पंचायत में 9 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से निर्मित गलछु–कोठू–गारली सड़क का कल उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से पंचायत के झालटा और धानसर जैसे सीमावर्ती गांव के लोगों को लाभ होगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल–नावर कोटखाई में चार सौ करोड़ रूपए से विभिन्न सड़क निर्माण और उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। इससे पहले उन्होंने 20 लाख रूपए की लागत से बने सरस्वती नगर के पंचायत भवन का भी शुभारंभ किया।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं और मौसम विभाग ने आज से 9 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 6 व 7 जुलाई को कांगड़ा, सिरमौर और मण्डी जिलों में अधिक बारिश के चलते बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।